www.sgbauonline.com

AS–1371

B.Sc. (Part–I) Semester—II Examination
HINDI (Compulsory)

समय : 3 घंटे] [पूर्णांक : 40

सूचना :- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : 10

"गूँगा हूवा बावला, बहरा हूवा कान ।
पाऊँ थैते पँगुल भया, सतगुरु मारया बाण ।
जाका गुरु भी अंधला चेलो खरा निरंध
अंधै अंधा ठेलिया, दून्यू कूप पंरत ।

अथवा

रहो न भूल के कभी मदांध तुच्छ वित्त में,
सनाथ जान आपको करो न गर्व चित्त में
अनाथ कौन है यहाँ ? त्रिलोकनाथ साथ हैं,
दयालु दीनबंधु के बड़े विशाल हाथ हैं
अतीत भाग्यहीन है अधीर भाव जो करे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।

2. किसी एक संच के प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 10

(क) 'सूरदास श्रीकृष्ण के बालरूप वर्णन में जितने यशस्वी हुये उतने अन्य वर्णन में नहीं', बाललीला कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'पुष्प की अभिलाषा' कविता में देशभक्ति का संदेश देने में कवि सफल हुए हैं । स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

(ग) 'तोड़ती पत्थर' कविता की मूल संवेदना लिखिए ।

(घ) भारतमाता कविता का भावार्थ लिखिए ।

3. निम्नलिखित अंग्रेजी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 5

I was one of many children–a short boy with rather on distinguished looks born to tall and handsome parents, we lived is in our ancestral house, which was built in the middle of the 19th century. It was a fairly large pucca house made of limestone and brick on the mosque street in Rameswaram. My austere father used to avoid all in essential comforts and luxuries. However, all necessities were provided for in terms of food, medicine or clothes.

OR

www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

There was once a young man who was strong and healthy and enjoyed his work. In every was he felt on top of life and had no sympathy for the on interesting folk who seemed to from such a large proportion of the population. One day he got an attack of influenze. He had, had it before and paid little attention to it. But this time he developed pneumonia and was dangerously ill.

4. आपके जिले के विधायक को महाविद्यालय के स्नेह सम्मेलन में प्रमुख अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए पत्र लिखिए । 5

अथवा

महाविद्यालय के प्राचार्य को शिक्षक की नौकरी के लिए आवेदन-पत्र लिखिए ।

5. (अ) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग कीजिये : 2

(1) बगले झाँकना ।

(2) मुँह काला करना।

अथवा

(3) रंग में भंग डालना ।

(4) नाक में दम करना ।

(आ) निम्नलिखित कहावतों का अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग कीजिये : 2

(1) जैसा देश वैसा भेष ।

(2) मुँह में राम बगल में छूरी ।

अथवा

(3) जल में रहकर मगरमच्छ से बैर ।

(4) ऊँची दुकान फीका पकवान ।

(इ) निम्नलिखित शब्द-समूह के लिए एक शब्द लिखिए : 4

(1) इंद्रियों को जीतने वाला ।

(2) बहुत बोलने वाला ।

अथवा

(3) जिसकी पत्नी मर गयी हो ।

(4) कविता लिखने वाला ।

(ई) निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध कीजिये : 2

मेरी सोमवार के दिन परीक्षा है ।

अथवा

मैं छत के उपर टहलता हूँ ।

www.sgbauonline.com